# आकाशवाणी शिमला

## 21.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– योग ने पूरी दुनिया को किया एकजुट– लोगों से जनआंदोलन बनाने का किया आह्वान।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित– धर्मशाला में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर सनातन विरोधी मानसिकता के साथ काम करने का लगाया आरोप।
- राज्य लोक सेवा आयोग ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में सोशल मीडिया पर चल रहे नकल व चीटिंग के आरोपों को किया खारिज।

### अंतर्राष्ट्रीय योग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज विश्व तनावों से गुजर रहा है और ऐसी स्थिति में योग शांति की दिशा दिखाता है। विशाखापत्तनम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज योग दिवस पर पूरा विश्व एक साथ योग कर रहा है और यह देखना अद्‌भुत है कि किस प्रकार योग ने पूरी दुनिया को एकजुट किया है। प्रधानमंत्री ने सभी से योग को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इधर हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज कई जागरूकता कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए गए। राजभवन शिमला में आज योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। राज्यपाल ने कहा कि योग की शास्वत प्रासंगिकता है और यह आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने सभी लोगों से एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने के लिए योग को अपनाने का आह्वान किया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओक ओवर में योगाभ्यास किया। इस बीच कांगड़ा ज़िला के धर्मशाला में आयोजित राज्य स्तरीय योग समारोह में आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की ताकि वे एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जी सके।

### सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग को उन जल विद्युत डेवलपर्स को परियोजना रद्द करने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं जो गम्भीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं और जिनकी परियोजनाएं कई वर्षों से रुकी हुई हैं। आज शिमला में ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना निष्पादन में अनावश्यक देरी से प्रदेश के राजस्व को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल विद्युत राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसका लाभ राज्य के लोगों को मिले। मुख्यमंत्री ने 'ग्रीन पंचायत योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में जलशक्ति विभाग से संबंधित सभी लंबित परियोजनाओं व कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। आज शिमला में जलशक्ति विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय–समय पर अपने–अपने कार्यक्षेत्र में जाएं और निरीक्षण करें। अग्निहोत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत केंद्र से 6 हजार 3 सौ करोड़ की स्वीकृत राशि से केवल 5 हजार एक सौ करोड़ की राशि अभी तक प्राप्त हुई है और 12 सौ करोड़ की स्वीकृत राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

**संजय टंडन**

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा द्वारा शिमला के गेयटी थिएटर में आज एक प्रदर्शनी लगाई गई और प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश भाजपा सह–प्रभारी संजय टंडन ने किया। प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट के माध्यम से भाजपा ने लोगों के सामने केन्द्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को सांझा किया। इस मौके पर संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर सनातन विरोधी मानसिकता के साथ काम करने का आरोप लगाया है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता में आते ही 97 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले राज्य में हिंदूवादी पार्टी को हराने के बयान की बात कही थी, और उसके बाद से हिंदुओं के खिलाफ प्रदेश में एक के बाद एक घटनाएं इस मानसिकता को साबित कर रही हैं।

***हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने से पहले और चुनाव का परिणाम निकलने के पश्चात वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू जी को कांग्रेस पार्टी के विधायक दल का नेता। हम हिंदूवादी विचारधारा को पार्टी को हराकर के सत्ता में आए हैं। मेरा मानना है कि यह कोई सहज बात मुंह से निकली हुई ये बात नहीं है, इसके पीछे बहुत मजबूत जो है उनकी सोच जो दृष्टिकोण है वह रिफ्लेक्ट होता है। उनकी विचारधारा में सनातन को कोई सम्मान नहीं है सनातन के प्रति कोई आस्था नहीं है कोई श्रद्धा नहीं। 11 दिसंबर 2022 को तो सुक्खू जी शपथ लेते हैं। शपथ लेने के बाद वह सचिवालय जाते हैं वही बात करते हैं कि 97 प्रतिशत हिंदुओं की पार्टी को हराकर के आए हैं।यह उनके दिमाग में एक बहुत बड़ा सनातन के खिलाफ भाव जो है स्थापित हुआ है जो बार-बार प्रतिबिंबित हो रहा है उनके मुंह से।***

जयराम ठाकुर ने पांवटा साहिब की घटना को लव जिहाद का मामला बताते हुए इस संबंध में पुलिस पर एफआईआर दर्ज करने में जानबूझकर देर करने का आरोप लगाया।

***जो आजकल बहुत बड़ा चर्चा का विषय बना है कि पोंटा साहिब में एक हिंदू बेटी को जिसकी उम्र मात्र 18 साल 4 दिन,वो बेटी गुम होती है परिवार के लोग चिंतित होते हैं परिवार के लोगों ने 5 तारीख को माजरा थाने में शिकायत करी कि हमारी बेटी***

***गायब है लेकिन पुलिस की कार्यवाही नहीं होती। 4 तारीख की बेटी गुम होती है 5 तारीख को कंप्लेंट करते हैं FIR दर्ज होती है 10 तारीख को। लेकिन प्रयत्न ही नहीं किया गया उसको लाने का। और उस सूरत में हमारा यह सबका मनाना है कि यह विशुद्ध एक लव जिहाद का मामला है।***

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मामले के खिलाफ आवाज उठाने पर राजनीतिक प्रतिशोध के तहत भाजपा नेताओं दर्ज किए गए मामलों को तुरंत वापिस लेने और दोषियों को सख्त सजा देने की सरकार से मांग की है।

**आयोग**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि 15 जून को पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के साथ ज़िला प्रशासन की मदद से आयोजित करवाई गई थी। आयोग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस परीक्षा में नकल व चीटिंग संबंधी सोशल मीडिया पर वीडियो और वायरल पोस्ट में किए गए दावों की सच्चाई को लेकर जांच की जा रही है। आयोग ने सीसीटीवी फुटेज, परीक्षा केन्द्रों से मिली रिपोर्टस और अन्य साक्ष्यों की गहनता से समीक्षा की है लेकिन अभी तक नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई प्रमाण नहीं मिला है। राज्य लोक सेवा आयोग ने सोशल मीडिया पर भ्रामक व अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

**गुमशुदा**

राजधानी शिमला के संकटमोचन निवासी 76 वर्षीय संजोगता नाग बीते 19 जून को आईजीएमसी अस्पताल से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। वे अपनी बेटी के साथ इलाज के लिए अस्पताल पहुंची थीं, लेकिन न्यू ओपीडी बिल्डिंग के पास अचानक वह अपनी बेटी से बिछड़ गईं और उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल सका है। संजोगता नाग भुलने की बीमारी से भी पीड़ित हैं। उनकी बड़ी बेटी अनुपमा शर्मा ने मीडिया के माध्यम से जनता से अपील की है कि उनकी मां को ढूंढने में मदद करें।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– योग ने पूरी दुनिया को किया एकजुट– लोगों से जनआंदोलन बनाने का किया आहवान।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित– धर्मशाला में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर सनातन विरोधी मानसिकता के साथ काम करने का लगाया आरोप।
- राज्य लोक सेवा आयोग ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में सोशल मीडिया पर चल रहे नकल व चीटिंग के आरोपों को किया खारिज।